Regarding railway services in Jharkhand.-laid

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी (गिरिडीह) **:** धनबाद- रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, वनांचल एक्सप्रेस, रांची- गोड्डा एक्सप्रेस का ठहराव फूलवारी टांड स्टेशन में किया जाए । न्यू गिरिडीह से कोलकाता और पटना के लिए सीधी ट्रेन चलाई जाए । मुंबई - एल.टी.टी साप्ताहिक एक्सप्रेस का ठहराव पारसनाथ रेलवे स्टेशन में किया जाए । कोलकाता मदार एक्सप्रेस का ठहराव बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन में किया जाए । मेरे क्षेत्र से काफी संख्या में लोग अपना इलाज कराने और नौकरी के लिए लोग दक्षिण भारत की तरफ जाते हैं, इसलिए चेन्नई और बैंगलोर जाने के लिए भी धनबाद- गोमोह से एक नई ट्रेन चलाए जाने की आवश्यकता है । शक्तिपुंज एक्स्प्रेस का ठहराव भंडारीदाह रेलवे स्टेशन में किया जाए । हावड़ा-पटना वंदे भारत का ठहराव मधुपुर रेलवे स्टेशन में किया जाए और हावड़ा-गया वंदे भारत जो हावड़ा-धनबाद-कोडरमा-गया तक जाती है उसे सप्ताह में तीन दिन हावड़ा-मधुपुर-न्यू गिरिडीह-कोडरमा-गया होते हुए चलाया जाए । बोकारो से मायल(रामगढ़) तक रेल लाइन स्थापित कर ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाए क्योंकि जरीडीह, पेटरवार, कसमार के लाखों लोग आज भी रेल सुविधा से वंचित हैं । पारसना-मधुबन-गिरिडीह रेल लाइन को जल्द पूरा किया जाए और कोडरमा-गिरिडीह-मधुपुर रेल लाइन के दोहरीकरण का कार्य जल्द पूरा करने की आवश्यकता है ।

____